ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
वर्ष 3 अंक 187 | WebSite.: https://24newsupdate.in | उदयपुर, शनिवार 07 नवम्बर 2026 | Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com | पृष्ठ 4

हैप्पी दिवाली : दीपों की कतार, मांडणों का शृंगार, दीपोत्सव पर रोशनी से झिलमिलाई झीलों की नगरी

पटाखों का शोर, जगमगाए बाजार, हर तरफ दिख रही उत्सव की रंगत

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 नवंबर। झीलों की नगरी में दीपावली की छटा देखते ही बन पड़ी है। बाजारों और घरों से लेकर शहर की गलियों खुशियों के रंग देखने को मिल रहे हैं। दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी विद्युत लाइटें व झालरें जगमगा रही हैं तो कहीं मिठाइयों, सजावटी सामान, दीपक और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। पुराने शहर के तंग रास्तों से लेकर मुख्य बाजारों तक दीपावली की रौनक दिखाई देने लगी है। रविवार को कार्तिक अमावस्या पर घरों में लक्ष्मी-गणेश पूजन होगा, तो इसमें मेवाड़ की परंपराओं का रंग भी घुलेगा। आंगन में गेरू और मांडणे उकेरे गए हैं तो कहीं चौक-चौबारे में रंगोली बनाई गई है। देहरी पर मिट्टी के दीयों की कतार सज गई है। तुलसी चौरे, रसोई, जल के स्थान और पशुशाला में भी दीप रखने की परंपरा को भी निभाया जा रहा है।



बाजारों में खरीदारी के साथ सजावट की होड़

शहर के बाजारों में दीपावली की रौनक साफ नजर आने लगी है। बड़ा बाजार, मालदास स्ट्रीट, घंटाघर, जगदीश चौक और भट्टियानी चौहट्टा की दुकानों पर सजावटी सामान, दीपक, बंदनवार और पूजन सामग्री की खूब खरीददारी हो रही है। सूरजपोल, उदियापोल, दिल्ली गेट और नाड़ाखाड़ा-नेहरू बाजार में भी इस बार जबर्दस्त रोशनी की गई है। सेक्टर-4, 5, 6, 13 और 14 के बाजारों में भी व्यापारी अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक रूप दिया है। इस बार बाजारों की सजावट को लेकर नगर निगम और चैंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन की ओर से प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। निर्णायक रविवार शाम 7:15 बजे सेक्टर-14 से निरीक्षण शुरू करेंगे। इसके बाद सेक्टर-13, सेक्टर-5 व 6, सेक्टर-4 व 5, उदियापोल, सूरजपोल, भड़भूजा घाटी, बड़ा बाजार, मालदास स्ट्रीट, घंटाघर, भट्टियानी चौहट्टा, दिल्ली गेट और नाड़ाखाड़ा-नेहरू बाजार का जायजा लेंगे। सजावट, विद्युत रोशनी, स्वच्छता और सौंदर्य के आधार पर अंक दिए जाएंगे। परिणाम गोपनीय रखे जाएंगे और 28 नवंबर को सेक्टर-14 स्थित चैंबर भवन में पुरस्कार दिए जाएंगे। इस बार नगर निगम की ओर से भी शहर के चौराहों व रास्तों पर भव्य सजावट की गई है। निगम में दीपावली मेला भी उत्सवी माहौल में चार चांद लगा रहा है।

लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

कार्तिक अमावस्या रविवार 8 नवंबर को सुबह करीब 11:27 बजे शुरू होगी। उदयपुर में सूर्यास्त शाम 5:51 बजे होगा। प्रदोष काल शाम 5:51 से रात 8:26 बजे तक रहेगा। लक्ष्मी-गणेश पूजन का शुभ समय शाम 6:15 से रात 8:13 बजे तक बताया गया है। यह अवधि प्रदोष काल और स्थिर वृषभ लग्न का संयोग है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बहीखाता और दुकान पूजन के लिए दोपहर 1:36 से 3:07 बजे तक कुंभ लग्न का समय बताया गया है। पूजन में गणेश-लक्ष्मी का आवाहन कर खील-बताशे, मिठाई, फूल और अक्षत अर्पित किए जाएंगे। व्यापारी नई बही का पूजन कर कारोबार में उन्नति की कामना करेंगे। घरों में दीप प्रज्वलित कर सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना होगी। अमावस्या की रात दीप जलाने की परंपरा अंधकार पर प्रकाश की विजय के साथ जीवन में विवेक, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश भी देती है।

दीपावली से अन्नकूट तक उत्सव की शृंखला

मेवाड़ में दीपावली का उल्लास लक्ष्मी पूजन के साथ समाप्त नहीं होता। इसके बाद गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व आता है। 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा होगी। नाथद्वारा में श्रीनाथजी के अन्नकूट उत्सव की विशेष धार्मिक रौनक रहेगी। मंदिरों में तरह-तरह के पकवानों का भोग सजाया जाएगा। इसके अगले दिन 11 नवंबर को भाई दूज पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी मंगलकामना करेंगी।

हाईकोर्ट के नाम पर जमानत का फर्जीवाड़ा! जेल से बाहर रहने के लिए तीन जाली आदेश निकाले, SIT करेगी जांच



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट के नाम और न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता का इस्तेमाल कर जमानत हासिल करने का कथित फर्जीवाड़ा सामने आया है। जेल से बाहर रहने के लिए हाईकोर्ट के तीन ऐसे जमानत आदेश तैयार किए गए, जिनका अदालत के वास्तविक रिकॉर्ड में कोई अस्तित्व ही नहीं था। मामला सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की विशेष जांच के आदेश दिए हैं। जोधपुर पुलिस आयुक्त को डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (SIT) गठित करने को कहा गया है। जांच में साइबर क्राइम विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी, ताकि कथित जाली आदेशों के निर्माण, डिजिटल इस्तेमाल और उनके पीछे शामिल लोगों का पता लगाया जा सके। न्यायाधीश चंद्रशेखर शर्मा ने 5 नवंबर को कलविंद्र सिंह पनेसर की जमानत अवधि बढ़ाने संबंधी याचिका पर सुनवाई के दौरान इस पूरे मामले की पड़ताल के निर्देश दिए। आरोपी को पत्नी की सर्जरी के आधार पर 6 मई 2026 को 30 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। इसके लिए दो लाख रुपए जमा कराने और निर्धारित अवधि पूरी होने पर जेल में आत्मसमर्पण करने की शर्त रखी गई थी। लेकिन आरोपी 9 जून को जेल नहीं लौटा। जेल प्रशासन की रिपोर्ट के बाद हाईकोर्ट ने जमानत मुचलके रद्द करने, जमानतदारों की राशि जब्त करने और गिरफ्तारी वारंट जारी करने के आदेश दिए थे। संबंधित पुलिस अधीक्षक को आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए गए थे।

तीन तारीखों के आदेशों ने खड़े किए गंभीर सवाल

मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब सुनवाई के दौरान 12, 15 और 26 अक्टूबर के तीन कथित जमानत आदेश सामने आए। इन आदेशों के आधार पर जमानत अवधि बढ़ाए जाने का दावा किया गया था। अदालत ने जब अपने न्यायिक रिकॉर्ड से इनकी पुष्टि कराई तो पता चला कि संबंधित तारीखों पर ये मामले सुनवाई के लिए सूचीबद्ध तक नहीं थे। इन तारीखों पर जमानत बढ़ाने का कोई आदेश भी पारित नहीं हुआ था। हाईकोर्ट ने इन दस्तावेजों को फर्जी और जाली करार दिया।

अब पता चलेगा किसने तैयार किए जाली आदेश

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) नरेंद्र कुमार ने जोधपुर के कुड़ी भगतासनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। अदालत ने जोधपुर पुलिस आयुक्त को डीएसपी स्तर के अधिकारी की अगुवाई में विशेष जांच टीम गठित करने को कहा है। टीम में साइबर क्राइम विशेषज्ञों की मदद लेने के निर्देश दिए गए हैं। जांच का दायरा केवल फर्जी आदेश तैयार करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इनके इस्तेमाल, प्रसार और पूरे घटनाक्रम में शामिल लोगों की भूमिका की पड़ताल भी होगी। हाईकोर्ट ने SIT को प्रत्येक 15 दिन में जांच की प्रगति रिपोर्ट देने और मामले की जानकारी मुख्य न्यायाधीश को भेजने के निर्देश दिए हैं।



संपादकीय : जोखिम की पटरी

जद भी रेल महकमे में प्रबंधन और सेवाओं के स्तर पर सुधार का सवाल आता है, तब सरकारी दावे कमोबेश इसी तरह के होते हैं। कि अब यहां के आम लोगों को ट्रेन में सफर करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का अनुभव होगा । मगर यात्रा के दौरान ट्रेनों से लेकर प्लेटफार्मों तक पर होने वाले हादसे यही बताते हैं कि सरकार के दावों के बरक्स साधारण लोगों को रेलगाड़ी से सफर के दौरान न केवल बहुस्तरीय मुश्किलों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि कई बार जानलेवा जोखिम से भी गुजरना पड़ता है। पंजाब में पटियाला के पास राजपुरा में एक ट्रेन में आग लगने की घटना से एक बार फिर ट्रेन यात्रा को लेकर सवाल खड़ा हुआ है कि यात्री आखिर अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने के किस भरोसे पर रेल यात्रा करे। गौरतलब है कि शुक्रवार को राजपुरा के पास अमृतसर से बिहार जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लग गई। गनीमत बस यही रही कि समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया और यात्री किसी तरह ट्रेन से उतर कर खुद को बचा सके। सवाल है कि एक चलती ट्रेन में आग लगने के बाद यात्रियों के हताहत न होने को क्या सिर्फ इस आधार पर सुरक्षा इंतजामों का एक आदर्श उदाहरण माना जा सकता है। कि रेलवे के सुरक्षा तंत्र ने समय रहते खतरे का संकेत दे दिया ? जिस तरह यात्रियों से भरी ट्रेन के चार डिब्बों में आग लग गई, ऐसे में इस हादसे का असर क्या हो सकता इसकी बस कल्पना ही की जा सकती है। अब एक औपचारिकता और रस्म की तरह आग लगने के कारणों की जांच की घोषणा हुई है, लेकिन उसके नतीजे क्या आएंगे, उसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा, क्या कार्रवाई होगी, इसका पता आम लोगों को शायद ही कभी लग पाए। इसके समांतर भारतीय ट्रेनों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से लैस करने के लिए आए दिन कार्यक्रमों की घोषणाएं होती रहती हैं। एक ओर बुलेट ट्रेन परियोजना का हवाला देकर रेलवे को नई ऊंचाई देने के दावे अक्सर दोहराए जाते रहते हैं, दूसरी ओर ट्रेनों के पटरी से उतरने आपस में टक्कर से लेकर आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। कभी धुंध या कोहरे, तो कभी किसी अन्य कारण से ट्रेनों का अपने गंतव्य तक कई-कई घंटे की देरी से पहुंचना और निर्धारित ट्रेनों का रद्द होना एक आम व्यवस्था की तरह हो गई है। एक अनुमान के मुताबिक, रेल महकमे में अब भी करीब ढाई लाख पद खाली पड़े हैं। खुद रेलवे ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत यह जानकारी दी थी कि अकेले सुरक्षा श्रेणी में डेढ़ लाख से अधिक स्वीकृत पद रिक्त है। इस स्थिति में हादसों से लेकर सेवा में कमी और अन्य स्तर पर मौजूद खामियों की वजहें समझी जा सकती हैं। रेलवे की खानपान सेवा में जिस तरह खराब खाना परोसने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं, वह यात्रियों के साथ बेईमानी से कम नहीं है। कोई दुर्घटना होने या अनियमितता के खुलासे और उसके तूल पकड़ने के बाद केवल जांच और कार्रवाई का भरोसा देने की खबरों से व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है। इसके लिए रेलवे को ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना होगा। अव्यवस्था से लेकर हादसों की निरंतरता को देखते हुए क्या सरकार कभी इस बात की जरूरत महसूस करती है कि एक आम यात्री उसकी ओर से सुरक्षित यात्रा के भरोसे ही अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रेल से सफर का चुनाव करता है ?

मजबूरी और मनमानी

दीपावली और छठ जैसे पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि हजारों लोगों के अपने घर लौटने की सांस्कृतिक और भावनात्मक यात्रा भी हैं। मगर इस बार भी त्योहारी मौसम ने एक असहज सच्चाई उजागर की है मांग बढ़ते ही परिवहन सेवाओं में किराया ऐसा उछलता है कि आम यात्रियों के सामने विकल्प खत्म हो जाते हैं। नतीजतन लोग भीड़ वाली ट्रेनों में ठुसकर यात्रा करने या बसों की छतों पर बैठने को मजबूर हो जाते हैं। वहीं ट्रेन में जगह न मिलने की स्थिति में जब लोग बस का सहारा लेने की कोशिश करते हैं, तो वहां भी उनकी मजबूरी का फायदा उठाने की कोशिश की जाती है। खबरों के मुताबिक, दिवाली और छठ के मौके पर दिल्ली-एनसीआर से बिहार या उत्तर प्रदेश जाने वाले लोगों के सामने निजी बसों में पांच से छह गुना ज्यादा किराया चुकाने की नौबत आई और इस मनमानी को रोकने वाला कोई नहीं था। दूसरी ओर, हाल ही में हवाई किराए में सात सौ गुना वृद्धि से उपजी परेशानी भी सुर्खियों में रही। सवाल समूची व्यवस्था का है, जिसमें मांग बढ़ते ही साधन नागरिक की पहुंच से दूर होने लगते हैं। स्थिति केवल बसों या विमानन क्षेत्र तक सीमित नहीं है। दिल्ली सहित अनेक शहरों में कै सेवाओं के किराए भी त्योहारी दिनों में कई गुना बढ़ जाते हैं। इस स्थिति को भले ही नियमों के ढांचे के तहत बताया जाए, लेकिन जब लोगों के पास कोई दूसरा विकल्प न हो तो यह व्यवस्था आर्थिक बोझ बन जाती है। अस्पताल पहुंचने, ड्यूटी पर समय से जाने या किसी आपात स्थिति में यात्रा करने वाले के सामने अतिरिक्त भुगतान के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। बाजार की स्वतंत्रता और मांग-आपूर्ति का सिद्धांत अपनी जगह है, लेकिन सार्वजनिक परिवहन जैसी सेवाओं को केवल लाभ कमाने के नजरिए से नहीं देखा जा सकता । सरकारों और नियामक संस्थाओं की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करने की भी है कि विशेष परिस्थितियों में किराया वृद्धि की तार्किक और पारदर्शी सीमा रहे । लाखों लोग यात्रा के अधिकार और सामर्थ्य के बीच फंसते रहेंगे, तो यह केवल परिवहन व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की कमी भी मानी जाएगी। त्योहारी मौसम में नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक यात्रा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

शहर विधायक के जन्मदिन पर 51 यूनिट रक्तदान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन का 73वां जन्मदिन शनिवार को सेवा और सामाजिक सरोकार के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सविना पुलिया स्थित होटल जस्ता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 51 यूनिट रक्तदान किया। शहर विधायक ताराचंद जैन के जन्मदिन पर सुबह से ही समर्थकों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उन्हें शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्तदान शिविर में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने विधायक ताराचंद जैन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, पूर्व सांसद अर्जुनलाल मीणा, पूर्व विधायक नानालाल अहारी, महापौर पारस सिंघवी, शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ और प्रमोद सामर सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने विधायक जैन को बधाई दी। इसके अलावा प्रदेश के कई मंत्रियों, विधायकों और भाजपा संगठन से जुड़े नेताओं ने भी फोन पर विधायक जैन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दिनभर समर्थकों और कार्यकर्ताओं का विधायक जैन से मिलने और उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर ने समारोह को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए एक विशेष संदेश दिया। विधायक जैन के समर्थकों ने शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

25 क्विंटल गन्ने से सजेगी कल्लाजी वेदपीठ, दीपोत्सव में बनेगी अयोध्या जैसी छटा



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा (कविता पारख)। श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ पर पंच दिवसीय दीपोत्सव इस बार खास आकर्षण के साथ मनाया जा रहा है। वेदपीठ को पहली बार करीब 25 क्विंटल गन्ने के पौधों से सजाया जा रहा है। सतरंगी रोशनी और दीपों के बीच गन्ने की यह अनूठी सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ठाकुरजी को श्रीराम स्वरूप में सुसज्जित कर कल्याणनगरी को अयोध्या जैसा रूप देने की तैयारियां भी चल रही हैं। धनतेरस पर ठाकुरजी का भगवान धन्वंतरि के रूप में विशेष शृंगार कर पूजन किया गया। दिवंगत आयुर्वेदाचार्य हरिप्रसाद त्रिवेदी की स्मृति में उनके पुत्र पीयूष त्रिवेदी ने आयुर्वेद की पुस्तकें और ग्रंथ वेदपीठ को भेंट किए। वाहनों का भी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन हुआ। दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन और वैभव पूजन होंगे। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से देव प्रबोधनी एकादशी तक विष्णु सहस्रनाम हवन और श्री सूक्त पाठ चलेगा। गोवर्धन पूजा पर कल्याण गौशाला में गायों को लापसी, गुड़, मिष्ठान और हरे चारे का भोग लगेगा। देव प्रबोधनी एकादशी पर ठाकुरजी को 56 भोग अर्पित कर भव्य अन्नकूट महोत्सव होगा।

कोटा-रींगस के बीच तीन दिन चलेगी स्पेशल ट्रेन



24 न्यूज अपडेट

कोटा। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कोटा और रशीदपुर खोरी के बीच तीन-तीन फेरे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। इससे कोटा, सवाई माधोपुर, जयपुर और सीकर सहित रास्ते के प्रमुख स्टेशनों के यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, गाड़ी संख्या 09803 कोटा-रशीदपुर खोरी स्पेशल 7, 9 और 10 नवंबर को रात 9.55 बजे कोटा से रवाना होकर अगले दिन सुबह 5.40 बजे रशीदपुर खोरी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09804 रशीदपुर खोरी-कोटा स्पेशल 8, 10 और 11 नवंबर को सुबह 7.15 बजे रवाना होकर उसी दिन शाम 4.30 बजे कोटा पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव लाखेरी, इंद्रगढ़, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, ढेहर का बालाजी, रींगस और सीकर स्टेशनों पर रहेगा। स्पेशल ट्रेन में कुल 16 डिब्बे होंगे। इनमें एक थर्ड एसी, तीन द्वितीय शयनयान, दो द्वितीय कुर्सीयान, आठ साधारण श्रेणी और दो गार्ड डिब्बे शामिल हैं।


हरियाणा को हराकर राजस्थान बना राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियन, उदयपुर के लोकेश ने जीता स्वर्ण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पटना में हरियाणा को पटखनी देकर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियन बना राजस्थान का दल शनिवार को उदयपुर के लिए भी गौरव की खबर लेकर आया। 52वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान ने फाइनल मुकाबला 50-44 अंकों से जीतकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में शामिल उदयपुर के खिलाड़ी लोकेश पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। बिहार की राजधानी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में 1 से 4 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों और खेल संस्थानों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिला कबड्डी संघ के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इस दौरान खेल मंत्री श्रेयसी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर उदयपुर लौटे लोकेश पटेल का जिला कबड्डी संघ की ओर से भव्य स्वागत किया गया। संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खनुजा ने बताया कि लोकेश की उपलब्धि से शहर के खेल जगत में उत्साह है। स्वागत समारोह में भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पार्षद प्रमोद सामर, नगर निगम के उप महापौर दिनेश भट्ट, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष विनोद साहू, जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल, आयोजन सचिव जालमचंद जैन, सत्यनारायण सिंह गहलोत, श्यामसुंदर शर्मा, गोपाल पुर्बिया, नरेश रेबारी और शोभालाल पुर्बिया सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

दीपावली आत्मा में ज्ञान का दीप जलाने का पर्व : आचार्य मुक्तिसागर



24 न्यूज अपडेट


उदयपुर, 7 नवम्बर। आयड़ जैन तीर्थ में तीन दिवसीय विशेष प्रवचनमाला का शुभारंभ शुक्रवार को मालव मार्तंड आचार्य डॉ. मुक्तिसागर सूरीश्वर महाराज के सान्निध्य में हुआ। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और निराशा से आशा की ओर बढ़ने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। जैन धर्म में इसका विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक हुआ था। आचार्यश्री ने कहा कि भगवान महावीर का निर्वाण दिवस आत्मचिंतन, तप और धर्माराधना का अवसर है। बाहरी दीपक घर को रोशन करते हैं, जबकि ज्ञान और धर्म का दीप जीवन को दिशा देता है। दीपावली तभी सार्थक होगी, जब हम क्रोध, अहंकार, लोभ और मोह का त्याग कर आत्मा में सदाचार का प्रकाश फैलाएंगे। महासभा महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि आयड़ तीर्थ पर आकर्षक रोशनी की सजावट की गई है। विशेष प्रवचनमाला रविवार और सोमवार को भी जारी रहेगी। सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक आचार्यश्री भगवान महावीर की अंतिम देशना में वर्णित आठ स्वप्नों और उनके फलादेश पर प्रवचन देंगे।







दीपावली से पहले ही दमघोंटू हुई राजस्थान की हवा, भिवाड़ी में AQI 300 पार



24न्यूज अपडेट

जयपुर। दीपावली की रोशनी अभी पूरी तरह सजी भी नहीं है कि राजस्थान की हवा में प्रदूषण का धुआं घुलने लगा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से सटे इलाकों में वायु गुणवत्ता तेजी से बिगड़ रही है। शनिवार सुबह खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 300 के पार पहुंच गया। यह स्तर बेहद खराब श्रेणी में आता है। जयपुर, अलवर और बीकानेर सहित प्रदेश के कई शहरों में भी हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दीपावली पर आतिशबाजी के बाद प्रदूषण और बढ़ने की आशंका है। भिवाड़ी में पिछले एक सप्ताह से हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ रही है। शनिवार सुबह यहां प्रदूषण का स्तर दिल्ली के आनंद विहार जैसे इलाकों के आसपास दर्ज स्तर तक पहुंच गया। एनसीआर क्षेत्र में शामिल होने के कारण भिवाड़ी और अलवर में प्रदूषण का असर ज्यादा दिखाई दे रहा है। हवा में प्रदूषक कणों की बढ़ती मात्रा सांस संबंधी परेशानी का कारण बन सकती है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

दिन में गर्मी, रात में बढ़ रही ठंडक

प्रदूषण के बीच प्रदेश में मौसम का मिजाज भी दोहरा बना हुआ है। शुक्रवार को पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में दिन का तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री दर्ज किया गया। जोधपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़ और पाली में भी पारा 35 डिग्री से ऊपर रहा। दूसरी ओर रात के तापमान में पिछले एक सप्ताह से गिरावट का रुख है।

माउंट आबू में सबसे सर्द रात

शुक्रवार रात माउंट आबू प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सीकर में रात का तापमान 13.5 डिग्री रहा। अजमेर सहित कई जिलों में शुक्रवार को हल्के बादल छाए रहे। अलवर में सुबह कोहरा भी दिखाई दिया।

सुतली बम के धमाके में उड़ा स्टील का गिलास, 4 बच्चे घायल, 8 साल के बच्चे के पेट में घुसा डेढ़ सेंटीमीटर का टुकड़ा



24न्यूज अपडेट

अजमेर। पटाखे जलाने के दौरान बच्चों की एक छोटी-सी लापरवाही जानलेवा हादसे में बदल गई। सुतली बम के ऊपर स्टील का गिलास रखकर धमाका करने से गिलास के टुकड़े आसपास खड़े बच्चों को जा लगे। हादसे में चार बच्चे घायल हो गए। इनमें आठ साल के दिशांत के पेट में स्टील का करीब डेढ़ सेंटीमीटर का टुकड़ा घुस गया। जेएलएन अस्पताल में डॉक्टरों ने करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन कर टुकड़ा निकाला। वहीं, 10 साल की प्रज्ञा के शरीर पर गहरा कट लगने से 5 से 6 टांके लगाने पड़े। घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे अलवर गेट थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में हुई। बच्चों के अनुसार, वे सभी एक साथ पटाखे जला रहे थे। इसी दौरान एक बच्चे ने सुतली बम के ऊपर स्टील का गिलास रख दिया। बम जलाने के बाद वह खुद पीछे हट गया, जबकि बाकी बच्चे पास ही खड़े रहे। कुछ ही देर में तेज धमाका हुआ और गिलास टूटकर उसके टुकड़े आसपास खड़े बच्चों को जा लगे। हादसे में दिशांत, प्रज्ञा के अलावा जतिन और कबीर भी घायल हुए। परिजन घायलों को तत्काल जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे। दिशांत के पेट में स्टील का टुकड़ा घुसने से गंभीर चोट आई थी। अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. अमित यादव ने बताया कि बच्चे का करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन किया गया। पेट में फंसा स्टील का टुकड़ा निकाल दिया गया है। फिलहाल उसकी हालत ठीक है, लेकिन एहतियात के तौर पर उसे निगरानी में रखा गया है। दूसरी ओर, प्रज्ञा के शरीर पर गहरा कट लगा था। डॉक्टरों ने उसे 5 से 6 टांके लगाए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। हादसे की सूचना पर अलवर गेट थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ पुलिस जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पटाखे जलाने के दौरान चार बच्चे घायल हुए हैं। इनमें दिशांत को अधिक चोट आई है और उसका उपचार जारी है।







मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और गलती सुधारने का मौका, 12 नवंबर से शुरू होंगे आवेदन

24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 7 नवंबर। मतदाता सूची में नाम नहीं है या फिर नाम, पता और अन्य विवरण में कोई गलती है तो उसे दुरुस्त कराने का मौका मिलने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया है। इसके तहत उदयपुर सहित प्रदेशभर में मतदाता सूचियों को अपडेट किया जाएगा। नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के साथ पहले से दर्ज विवरण में संशोधन और गलत प्रविष्टियों को लेकर दावे-आपत्तियां भी ली जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप 12 नवंबर 2026 को प्रकाशित होगा। इसके साथ ही 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। इस दौरान पात्र नागरिक नाम जुड़वाने, नाम-पते में संशोधन कराने अथवा मतदाता सूची में दर्ज त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

मोबाइल एप से भी होगा पंजीकरण

एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा ने बताया कि मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिए निर्वाचन कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। पात्र नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल VOTERS.ECI.GOV.IN या ECINET मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

जोधपुर की कंपनी ने चार कर्मचारियों को गिफ्ट की कारें, 35 अन्य को सोने-चांदी के सिक्के देकर मनाया दीपोत्सव

24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। दीपावली पर बोनस और मिठाई तो आम बात है, लेकिन जोधपुर की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों को ऐसी सौगात दी कि उनके लिए यह त्योहार यादगार बन गया। कंपनी ने चार कर्मचारियों को कारें गिफ्ट कीं, जबकि 35 कर्मचारियों को सोने-चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया। धनतेरस पर 6 नवंबर को निजी रिजॉर्ट में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में कर्मचारियों के परिवार भी शामिल हुए। जोधपुर स्थित एजुकेशन मार्केटिंग एजेंसी मीडियागढ़ के मालिक पंकज बुधवानी और वंशिका बुधवानी ने बताया कि कंपनी की ओर से पिछले तीन वर्षों से दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया जा रहा है। इस बार नितीन प्रताप सिंह को टाटा हैरियर, महक लालवानी को हुंडई आई-20 तथा प्रंजाल और अमन को टाटा टियागो कार भेंट की गई। कंपनी ने चार कारों के अलावा 35 कर्मचारियों को सोने-चांदी के सिक्के भी दिए।







धनतेरस पर 10 से 500 रुपए तक के नोटों के बंडल बांटे, भावुक होकर बोले- मेरे कर्मचारियों के घर भी खुशियां बरसनी चाहिए



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। धनतेरस पर आमतौर पर लोग अपने घरों में सोना-चांदी और नए सामान खरीदकर समृद्धि का स्वागत करते हैं, लेकिन राजस्थान के बीकानेर मूल के एक कारोबारी ने इस त्योहार की खुशियां अपने कर्मचारियों के घरों तक पहुंचाने का अलग ही तरीका चुना। गुजरात के सूरत में टेक्सटाइल कारोबार करने वाले रामस्वरूप मुंड ने अपने कर्मचारियों को बोनस के रूप में नोटों की गड्डियां बांटीं। 10, 20, 50, 100 और 500 रुपए के नोटों के बंडल पाकर कर्मचारी खुशी से झूम उठे। किसी के चेहरे पर मुस्कान थी तो कोई इस अपनापन भरे तोहफे से भावुक हो गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मुंड का यह अंदाज सिर्फ बोनस बांटने तक सीमित नहीं है। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में इसकी वजह भी बताई। उनका कहना है कि वे यह सब दिखावे के लिए नहीं करते। उनके मुताबिक, कारोबार में जो कुछ हासिल हुआ है, उसमें उनकी टीम की मेहनत और योगदान भी शामिल है। इसलिए त्योहार की खुशियां सिर्फ उनके अपने घर तक सीमित क्यों रहें, कर्मचारियों के परिवारों तक भी पहुंचनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि पिछले साल धनतेरस पर कर्मचारियों को 200-200 रुपए के नोटों के बंडल दिए थे। उस वीडियो पर लोगों की दुआओं और प्रतिक्रियाओं ने उन्हें इतना भावुक किया कि इस बार उन्होंने बोनस का दायरा बढ़ा दिया। इस बार अलग-अलग मूल्य के नोटों की गड्डियां कर्मचारियों को सौंपीं। मुंड ने अपने संदेश में कहा कि वे जानते हैं कि नौकरी करना क्या होता है। धन की असली खुशी तभी है, जब उससे दूसरों के घरों में भी उजाला पहुंचे। अपने लिए तो हर कोई कर लेता है, लेकिन सबके लिए करना ही इंसानियत है। उन्होंने अपनी टीम के लिए आगे भी इसी तरह खुशियां बांटते रहने की बात कही। बीकानेर से निकलकर सूरत के टेक्सटाइल कारोबार में पहचान बनाने वाले रामस्वरूप मुंड का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर चर्चा में है।

कचरा भरते ही अधिकारियों को मिलेगा अलर्ट, जोधपुर स्टेशन पर लगेगा स्मार्ट डस्टबिन

240 लीटर क्षमता वाले कूड़ेदान में सेंसर, जीपीएस और आईओटी तकनीक, कचरे को दबाकर कम करेगा आयतन

24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। रेलवे स्टेशन पर कचरे से भरे डस्टबिन और उनके आसपास फैलने वाली गंदगी से निपटने के लिए अब तकनीक की मदद ली जाएगी। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर स्टेशन पर 240 लीटर क्षमता वाला स्मार्ट कूड़ेदान स्थापित कर रहा है। इसमें लगे सेंसर कचरे का स्तर बताएंगे और डस्टबिन भरने के करीब पहुंचते ही संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मिल जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, एनएसजी-2 श्रेणी के इस स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए स्मार्ट कूड़ेदान लगाया जा रहा है। इसमें कचरे को दबाकर उसका आयतन कम करने के लिए कॉम्पैक्टर भी होगा। इससे एक बार में अधिक कचरा जमा किया जा सकेगा और बार-बार कचरा उठाने की जरूरत कम होगी।



आईओटी आधारित मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म से सफाई टीमें डस्टबिन के भरने की स्थिति देख सकेंगी। इसमें जीपीएस ट्रैकिंग और मौसम प्रतिरोधी डिजाइन की सुविधा भी होगी। रेलवे के अनुसार, इसकी तकनीक पारंपरिक कूड़ेदानों की तुलना में 58 गुना अधिक प्रभावी भंडारण क्षमता देगी। इस व्यवस्था से समय पर कचरा उठाने, डस्टबिन ओवरफ्लो होने और स्टेशन परिसर में गंदगी फैलने की समस्या पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। रेलवे का उद्देश्य स्टेशन की सफाई व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और तकनीक आधारित बनाना है।

गहलोत पर टिप्पणी के विरोध में सागवाड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन, सीएम का पुतला फूंका



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सागवाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पार्टी प्रत्याशी कैलाश रौत सहित स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर नारेबाजी की और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया है। इससे आदिवासी अंचल के लोगों में नाराजगी है। उनका कहना था कि गहलोत ने अपने तीन कार्यकाल के दौरान आदिवासी क्षेत्र के लिए कई योजनाएं लागू कीं और लोगों के हित में काम किया। ऐसे में उनके खिलाफ की गई टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। प्रदर्शन में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खुडनिया, ब्लॉक अध्यक्ष धीरज मेहता, लोकेश पाटीदार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष ललित पंचाल, पार्षद डायालाल पाटीदार, गौतमलाल पाटीदार, गटा भाई भागरिया, सुरेश जोशी, कपिल सुथार, भावेश खाट, ओजेफा पचलासा, दिनेश गुप्ता, मुकेश पाटीदार, देवीलाल पाटीदार, पवन चरपोता, अजीत सिंह वर्धा, सरपंच बदामीलाल, दिनेश पाटीदार, विनोद जेठाना और भंवरलाल ननोमा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दीपावली पर अस्पतालों की इमरजेंसी और बर्न यूनिट रहेंगी अलर्ट, चिकित्सा कर्मियों की छुट्टियां रद्द

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 7 नवंबर। दीपावली पर पटाखों से जलने और आगजनी की आशंका को देखते हुए प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं और बर्न यूनिट अलर्ट मोड पर रहेंगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिलना चाहिए। इसके लिए अस्पतालों में बर्न यूनिट के जरूरी संसाधन, दवाइयां और उपचार सुविधाएं उपलब्ध रखी जाएं। इमरजेंसी सेवाओं के लिए पर्याप्त स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपावली पर आमजन को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।